वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ0प्र0)

पत्रांक 1542/शोध/शैक्षणिक/2022 दिनांकः– 16.12.2022

पीएच0डी0 प्रवेश–2022 हेतु आवश्यक सूचना

एतद्द्वारा सर्व सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि छात्र हित में माननीय कुलपति महोदया के आदेश दिनांक 14.12.2022 के अनुपालन में पीएच0डी0 प्रवेश– 2022 से सम्बन्धित विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों के विभागाध्यक्षों एवं राजकीय/अनुदानित महाविद्यालयों के प्राचार्यों, शोध निर्देशकों एवं अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश निम्नवत् है–

1. पीएच0डी0 प्रवेश हेतु अर्ह अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र सम्बन्धित संस्थानों में जमा करने की पूर्व में निर्धारित अन्तिम तिथि 15.12.2022 को बढ़ाकर दिनांकः– 05.01.2023 तक की जाती है। अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र विश्वविद्यालय के पत्रांक–1497/शोध/शैक्षणिक/2022 दिनांक 30.11.2022 में दिये गये निर्देशानुसार समस्त निर्धारित प्रपत्रों की छायाप्रतियों के साथ सम्बन्धित विभागों/संस्थानों जहां पर आवेदन करना है वहीं पर व्यक्तिगत रूप से या रजिस्टर्ड डाक द्वारा जमा करें।
2. विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बन्धित महाविद्यालयों द्वारा दिनांक 06.01.2023 से 20.01.2023 तक अपने स्तर पर साक्षात्कार की प्रक्रिया डी0आर0सी0 सम्पन्न करा ली जाय। तत्पश्चात विभागाध्यक्ष/ प्राचार्य अपने माध्यम से (अंशकालिन/पूर्णकालिक पीएच0डी0) समस्त प्रपत्रों सहित शोध प्रस्ताव विश्वविद्यालय को दिनांक 21.01.2023 से 27.01.2023 तक सायं 05.00 बजे तक कुलसचिव, वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर को प्रेषित करेंगे।
3. संस्थानों में विभागवार गठित डी0आर0सी0 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर अपनी संस्तुति विश्वविद्यालय में सम्बन्धित विषय की आर0डी0सी0 (शोध उपाधि समिति) को अग्रसारित करेगी। साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 28.01.2023 से 07.02.2023 तक आर0डी0सी0 की प्रक्रिया सम्पन्न कराई जायेगी। तत्पश्चात शोधार्थियों को प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा शोध पत्र निर्गत किया जायेगा। आर0डी0सी0 की संस्तुति के बाद पीएच0डी0 में प्रवेश हेतु सफल शोधार्थियों की शैक्षणिक विभाग से अपना शोध सम्बन्धी पत्र प्राप्त करेगा और विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क (सभी वर्ग हेतु) जमा करने के पश्चात् अपना प्रवेश, सम्बन्धित संस्थानों में ले सकेंगे।
4. समस्त संकायाध्यक्ष/निदेशक/प्राचार्य/विभागाध्यक्ष/शोध निर्देशक केवल विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार अभ्यर्थी का चयन करेंगे। रोस्टरानुसार यदि सीटें पूर्व से भरी हुई हैं तो भविष्य में रोस्टर के अनुसार ही प्रवेश दिया जाय और आरक्षण के नियमों का कड़ाई से पालन किया जाय। अनारक्षित वर्ग की श्रेणी में सभी वर्ग के अभ्यर्थी प्रवेश के लिए अर्ह होंगे।
5. सह–शोध निर्देशकों की सीटों के निर्धारण के सम्बन्ध में यू0जी0सी0 द्वारा निर्धारित मानक ही मान्य होंगे। सह–शोध निर्देशकों की सीटें शोध निर्देशक द्वारा ली गयी प्रवेश की श्रेणी (Category) की ही होगी।
6. जिन शिक्षकों की अधिवर्षिता आयु पूर्ण हो गयी है एवं सत्र लाभ पर चल रहे हैं तथा जिनकी सेवा एक वर्ष से कम है, उनके द्वारा किसी भी अभ्यर्थी का प्रवेश नहीं लिया जायेगा।
7. डी0आर0सी0 की प्रक्रिया को सम्पन्न कराने हेतु विषयवार वाह्य विशेषज्ञों की सूची विश्वविद्यालय द्वारा पृथक से विश्वविद्यालय बेवसाइट पर अपलोड की जायेगी।
8. डी0आर0सी0 की प्रक्रिया में अंकों का निर्धारण (पूर्णकालिक/अंशकालिक) पीएच0डी0 अध्यादेश 2022 के Annexure A and B के अनुसार किया जाय।

नोट– अभ्यर्थी अपना आवेदन सम्बन्धित शोध केन्द्र (विश्वविद्यालय परिसर/महाविद्यालय) पर ही प्राचार्य/विभागाध्यक्ष/निदेशक को प्रेषित करेंगे तथा जिन विषयों में सीटे रिक्त हैं उन्हीं विषयों से सम्बन्धित विभागों (विश्वविद्यालय परिसर)/महाविद्यालयों में आवेदन प्रपत्र प्रेषित करें।

for (signature)
निदेशक
पीएच0डी0 प्रवेश परीक्षा–2022

(signature) 16/12
कुलसचिव

- प्रतिलिपि, सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –
  1. निजी सहायक कुलपति,मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
  2. समस्त संकायाध्यक्ष/निदेशक/प्राचार्य/विभागाध्यक्ष/शोध निर्देशक उपरोक्तानुसार कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
  3. प्रभारी, बेव मास्टर को इस आशय से कि विश्वविद्यालय बेवसाइट पर उक्त सूचना को प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
  4. मीडिया प्रभारी को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना को निशुल्क समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

निदेशक
पीएच0डी0 प्रवेश परीक्षा–2022

कुलसचिव